8.5

संस्कृत प्रचार पुस्तकमाला सं0--2

प्रारम्भिक

संस्कृत वाक्य संग्रह

संस्कृत के प्रारम्भिक विद्यार्थियों के लिये कुछ
व्यवहारोपयोगी वाक्यों एवं शब्दों का संग्रह
जिसकी सहायता से वे आरम्भ में ही
संस्कृत में कुछ बोलने तथा समझने
की योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।
(एक सप्ताह का पाठ्यक्रम)

सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम्

वाराणसी

स्व0 पं0 वासुदेव द्विवेदी शास्त्री

संस्थापक–सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम् वाराणसी

सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम् वाराणसी के
पुस्तक विक्रय धन से प्रकाशित

प्रकाशक

श्रीनिवास द्विवेदी शास्त्री

संचालकः सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम् वाराणसी

फोन : 9935110038

आवृत्ति : पचीसवीं

संख्या : एक हजार

मूल्य : पाँच रूपये पचास पैसे

तिथि : 26 मई 2013

मुद्रक : पंकज प्रिन्टिंग प्रेस, बलिया

मो–09918207123

प्रारम्भिक

संस्कृत वाक्य संग्रह

छात्रों के नाम–ग्राम आदि के सम्बन्ध में प्रश्न एवं उत्तर

प्र0–तव किं नाम अस्ति?	तुम्हारा नाम क्या है?
उ0–मम नाम..........अस्ति	मेरा नाम................है।
प्र0–तव पितुः नाम किम् ?	तुम्हारे पिता का नाम क्या है?
उ0–मम पितुः नाम..........	मेरे पिता का नाम..............है।
प्र0–तव पिता किं करोति?	तुम्हारे पिता क्या करते हैं?
उ0–मम पिता....कार्यं करोति	मेरे पिता ....काम करते हैं?
प्र0–तव देशः कः?	तुम्हारा देश कौन है?
उ0–मम देशः.......अस्ति	मेरा देश...............है।
प्र0–तव प्रदेशः कः?	तुम्हारा प्रदेश कौन है?
उ0–मम प्रदेशः...........अस्ति	मेरा प्रदेश...........है।
प्र0–तव मण्डलं किम्?	तुम्हारा जिला कौन है?
उ0–मम मण्डलम्.....अस्ति	मेरा जिला............है।
प्र0–तव ग्रामः कः?	तुम्हारा ग्राम कौन है?
उ0–मम ग्रामः ....अस्ति	मेरा ग्राम .... है।
प्र0–तव पत्रालयः कुत्र?	तुम्हारा डाकख़ाना कहाँ है?
उ0–मम पत्रालयः ...ग्रामे अस्ति	मेरा डाकखाना......गाँव में है।
प्र0–अत्र त्वं कुत्र निवससि?	यहाँ तुम कहाँ रहते हो?
उ0–अत्र अहं...स्थाने,वीथ्याम् ....सम्भागे निवासामि	मैं यहाँ...........स्थान में, गली में, मुहल्ले में रहता हूँ।

पढ़ने आदि के सम्बन्ध में प्रश्न एवं उत्तर

प्र0—त्वं किं पठसि?	तुम क्या पढ़ते हो?
उ0—अहं संस्कृतं, हिन्दीं तथा आंग्लभाषां पठामि	मैं संस्कृत, हिन्दी तथा आंग्लभाषा पढ़ता हूँ।
प्र0—त्वं कुत्र पठसि?	तुम कहाँ पढ़ते हो?
उ0—अहं......विद्यालये पठामि	मैं.......विद्यालय में पढ़ता हूँ।
प्र0—कस्यां कक्षायां पठसि?	किस कक्षा में पढ़ते हो?
उ0—अहं......कक्षायां पठामि	मैं ....कक्षा में पढ़ता हूँ।
प्र0—किं किं पुस्तकं पठसि?	कौन—कौन पुस्तक पढ़ते हो?
उ0—....................पठामि	...........................पढ़ता हूँ।

सूचना— यदि बड़े छात्रों से पूछना हो तो 'त्वं तव' के स्थान पर भवान्, भवतः एवं स्त्रीलिंग में भवती, भवत्याः ऐसा प्रयोग करना चाहिए। इसी प्रकार पठसि निवससि के स्थान पर पठति निवसति ऐसा प्रयोग करना चाहिये।

कुशल-प्रश्न सम्बन्धी वाक्य

प्र0—का वार्ताः कः समाचारः?	क्या बात है? क्या हाल है?
उ0—सर्वं शोभनं वर्तते	सब कुछ अच्छा है।
प्र0— स्वास्थ्यं शोभनं वर्तते?	स्वास्थ्य अच्छा है?
उ0— आम्, स्वास्थ्यं शोभनं वर्तते	हाँ, स्वास्थ्य अच्छा है।
प्र0— कुशलं वर्तते?	कुशल है?
उ0— आम्, कुशलं वर्तते	हाँ, कुशल है।
प्र0— अपि कुशली वर्तसे त्वम्?	तुम कुशल से तो हो?
उ0— आम्, कुशली वर्ते	हाँ, मैं कुशल से हूँ।
प्र0— अपि कुशलिनी भवती?	आप कुशल से तो हैं? (स्त्री)
उ0— आम्, कुशलिनी अहम्	हाँ, मैं कुशल से हूँ।

आज्ञा एवं अनुरोधवाचक क्रियापद तथा उनके साथ लगने वाले उपयोगी अव्यय एवं शब्द

क्रिया पद	अव्यय एवं शब्द
आगम्यताम् आइये	अत्र (यहाँ) उपरि, नीचैः शीघ्रम् (जल्दी)
गम्यताम् जाइये	तत्र (वहाँ) इतः (यहाँ से) शनैः (धीरे)।
उपविश्यताम् बैठिये	सम्यक् (अच्छी तरह) सुखम् (आराम से)।
आस्यताम्-बैठिये	तूष्णीम् (चुप चाप) झटिति (जल्दी) अत्र, तत्र।
उत्त्थीयताम् उठिये	इतः (यहाँ से) ततः (वहाँ से) शीघ्रम् (जल्दी)।
दीयताम् दीजिये	इदम् (यह) तत् (वह) किञ्चित् (कुछ)
गृह्यताम् लीजिये	अल्पम्, (थोड़ा) सर्वम् (सब) निःसङ्कोचम्।
कथ्यताम् कहिये	स्वकार्यम् (अपना काम), समाचारः, किमपि।
श्रूयताम् सुनिये	किञ्चित् (कुछ) गीतम्, श्लोकः, कथा।
चल्यताम् चलिये	अग्रे (आगे) पश्चात् (पीछे) शीघ्रम्, शनैः शनैः।
विरम्यताम् रूकिये	किञ्चित् क्षणम् (थोड़ी देर) अत्रैव (यहीं पर)।
स्थीयताम् ठहरिये	तत्रैव (वहीं पर) तावत् (तबतक)
भक्ष्यताम् खाइये	शनैः शनैः, त्वरितम्, (जल्दी) निःसङ्कोचम्
पीयताम् पीजिये	जलम्, दुग्धम्, रसः, चायम्, काफी।
अपस्रियताम् हटिये	इतः, ततः, द्वारात् (द्वार से) मार्गात्।
दृश्यताम् देखिये	चित्रम्, नाटकम्, दृश्यम्, पुस्तकम्।
आनीयताम् ले आइये	ततः (वहाँ से) अधः (नीचे) शीघ्रम्।
नीयतम् ले जाइये	इतः (यहाँ से) उपरि, शनैः शनैः।
पठ्यताम् पढ़िये	पाठः, पुस्तकम्, श्लोकः, कविता, किमपि।
लिख्यताम् लिखिये	पत्रम्, लेखः, अनुवादः, निबन्धः, अर्थः।
क्रियताम् कीजिये	स्वकार्यम्, शीघ्रम्, निर्भयम्।
उच्यताम् बोलिये	स्पष्टम् (साफ) सम्यक्, शीघ्रं, निर्भयम्।
त्यज्यताम् छोड़िये	इयं वार्ता (यह बात) इदं स्थानम्, अयं विवादः।

उद्‌घाट्यताम्-खोलिये	तालकम्(ताला) द्वारम्, कपाटम्(किवाड़ी)।
पिधीयताम्-वन्द कीजिये	गवाक्षम्(खिड़की) पेटिका(पेटी) जलयन्त्रम्।
दर्श्यताम् दिखाइये	मार्गः (रास्ता) स्थानम्, अनुवादः, लेखः।
आहूयताम् बुलाइये	बालकः, छात्रः, सेवकः, शीघ्रम्।
अन्विष्यताम् ढूँढिये	अत्र, तत्र, सर्वत्र, सम्यक्, शीघ्रम्।
उत्थाप्यताम् उठाइये	उपरि, सम्यक्, शनैः, झटिति।
ज्वाल्यताम् जलाइये	दीपः, विद्युद्दीपः, वर्तिका (बत्ती)
निर्वाप्यताम् बुझाइये	हसन्ती (अंगीठी) इन्धनम्(लकड़ी)।
गीयताम् गाइये	गीतम्, गानम्, कविता, श्लोकः।
क्षिप्यताम् फेंकिये	अवकरः (कूड़ा) बहिः (बाहर) दूरे।
विस्तीर्यताम् फैलाइये	आसनम्, कम्बलम्, आस्तरणम्।
प्रसार्यताम् पसारिये	वस्त्रम्, आसनम्, उपरि, सम्यक्, कम्बलम्।
वाद्यताम् बजाइये	वाद्यम्, (बाजा) घण्टिका, घण्टा।
स्थाप्यताम् रखिये	अत्र, तत्र, उपरि, नीचैः, मध्ये।
सम्मार्ज्यताम् बुहारिये	गृहम्, प्राङ्गणम्, द्वारम्, प्रकोष्ठः।
प्रक्षाल्यताम् धोइये	पात्रम्, वस्त्रम्, स्थानम्, मुखम्।
आस्तीर्यताम् बिछाइये	आसनम्, आस्तरणम्(बिछौना) शय्या।
अपसार्यताम् हटाइये	इदम्, ततः, इतः, शीघ्रम्, किञ्चित्।

सूचना- 1- ऊपर लिखे हुए सभी क्रियापद कर्मवाच्य एवं भाववाच्य के हैं। अतः इनके साथ त्वं भवान् भवती आदि प्रथमान्त पदों का प्रयोग नहीं होता। इनके स्थान पर त्वया, भवता, भवत्या आदि तृतीयान्त पदों का प्रयोग करना चाहिए। छात्रों को इस भेद को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।

2- ऊपर लिखे 'आइये जाइये' आदि हिन्दी क्रियापदों के स्थान पर 'आओ जाओ' आदि पदों का भी प्रयोग करना चाहिए।

3- ऊपर लिखे क्रिया पदों में 'न तथा मा' लगाकर निषेधवाचक वाक्यों का प्रयोग करना चाहिए।

शय्यताम् सोइये अधः, उपरि, सुखम्, सानन्दम्।
जागर्य्यताम् जागिये महाशय, मित्रवर, शीघ्रम्, झटिति।
पृच्छ्यताम् पूछिये प्रश्नः, समाचारः, पाठः, अर्थः।
आरभ्यताम् आरम्भ कीजिये प्रार्थना, श्लोकः, पाठः, संगीतम्।
समाप्यताम् समाप्त कीजिये कार्यम्, कार्यक्रमः, मङ्गलाचरणम्।
धार्यताम् धारण कीजिये वस्त्रम्, पादुका, उपानत् (जूता)
क्षम्यताम् क्षमा कीजिये दोषः, अपराधः, प्रमादः (लापरवाही)
गन्तुं दीयताम् जाने दीजिये अन्तः (भीतर) बहिः (बाहर) उपरि।
आगन्तुं दीयताम् आने दीजिये

कुछ प्रश्नवाचक वाक्य (वर्तमान काल)

किं करोषि? क्या करते हो? किं याचसे? क्या माँगते हो?
किं कथयसि? क्या कहते हो? किं पश्यसि? क्या देखते हो?
किं पृच्छसि? क्या पूछते हो? कुत्र गच्छसि? कहाँ जाते हो?
किम् इच्छसि? क्या चाहते हो? किम् अन्वेषयसि? क्या ढूँढते हो?
भवान् किं करोति? आप क्या करते हैं?
भवान् किम् इच्छति? आप क्या चाहते हैं?
भवान् कुत्र गच्छति? आप कहाँ जाते हैं?
भवान् किं कथयति? आप क्या कहते हैं?
भवान् किं पृच्छति? आप क्या पूछते हैं?
भवान् किम् अन्वेषयति? आप क्या ढूँढते हैं?
भवान् किं याचते? आप क्या माँगते हैं?

कुछ और वाक्य

जानामि जानता हूँ अस्ति, वर्तते है
न जानामि नहीं जानता हूँ किं वर्तते? क्या है?
इच्छामि चाहता हूँ न वर्तते, नास्ति नहीं है
न इच्छामि नहीं चाहता हूँ न किमपि कुछ नहीं
आं श्रीमन् जी हाँ इष्यते चाहिए
नहि श्रीमन् जी नहीं न इष्यते नहीं चाहिए
कथं न क्यों नहीं किमपि न इष्यते कुछ नहीं चाहिए

कुछ गुरुओं से आज्ञा लेने के वाक्य

जलं पातुम् इच्छामि	जल पीना चाहता हूँ।
जलं पातुं गच्छामि	जल पीने जाता हूँ।
भोजनं कर्तुं गच्छामि	भोजन करने जाता हूँ।
लघुशंकां कर्तुं गच्छामि	लघुशंका करने जाता हूँ।
पाठं पठितुम् इच्छामि	पाठ पढ़ना चाहता हूँ।
गृहं गन्तुम् इच्छामि	घर जाना चाहता हूँ।
आपणं गच्छामि	बाजार जाता हूँ।
अद्य अवकाशम् इच्छामि	आज छुट्टी चाहता हूँ।
अनुवादं लिखितुम् इच्छामि	अनुवाद लिखना चाहता हूँ।
अनुवादं दर्शयितुम् इच्छामि	अनुवाद दिखाना चाहता हूँ।
किञ्चित् प्रष्टुम् इच्छामि	कुछ पूछना चाहता हूँ।
किञ्चित् निवेदयितुम् इच्छामि	कुछ कहना चाहता हूँ।
आगन्तुं शक्नोमि?	क्या मैं आ सकता हूँ?
गन्तुं शक्नोमि?	क्या मैं जा सकता हूँ?

(इन वाक्यों के पहले विद्यार्थी 'श्रीमान्' पद जोड़ लिया करें)

छात्रों से कहने योग्य कुछ और वाक्य

वर्तमान काल

कथं न पठसि?	क्यों नहीं पढ़ते हो?
कथं न लिखसि?	क्यों नहीं लिखते हो?
कथं न वदसि?	क्यों नहीं बोलते हो?
कथं न उत्तरं ददासि?	क्यों नहीं उत्तर देते हो?
किञ्चित् वक्तव्यं वर्तते?	कुछ कहना है?
किञ्चित् प्रष्टव्यं वर्तते?	कुछ पूछना है?
क्वचित् गन्तव्यं वर्तते?	कहीं जाना है?

जानासि?	जानते हो?	चलसि?	चलते हो?
बुध्यसे?	समझते हो?	आगच्छसि?	आते हो?
श्रृणोषि ?	सुनते हो?	गोपायसि?	छिपाते हो?
निद्रासि?	सोते हो?	असत्यं वदसि?	झूठ बोलते हो?

(प्रत्येक क्रिया में 2, 3 शब्द मिलाकर वाक्य बनाइये)

कुछ आज्ञा लेने के वाक्य

पठानि	पढ़ूँ?	गच्छानि	जाऊँ?	करवाणि	करूँ?
लिखानि	लिखूँ?	आगच्छानि	आऊँ?	कथयानि	कहूँ?
वाचयानि	वाचूँ?	नयानि	ले जाऊँ?	वदानि	बोलूँ?
श्रावयानि	सुनाऊँ?	आनयानि	ले आऊँ?	चलानि	चलूँ?
दर्शयानि	दिखाऊँ?	तिष्ठानि	ठहरूँ?	वादयानि	बजाऊँ?
पृच्छानि	पूछूँ?	उपविशानि	बैठूँ?	पाठयानि	पढाऊँ?
त्यजानि	छोड़ दूँ?	आह्वयानि	बुलाऊँ?	लेखयानि	लिखाऊँ?

(प्रत्येक क्रिया में 2-3 शब्द मिलाकर वाक्य बनाइये)

कुछ भूतकाल के क्रियापद

कृतवान्	किया	नीतवान्	ले गया	दत्तवान्	दिया
गतवान्	गया	आनीतवान्	ले आया	गृहीतवान्	लिया
ज्वालितवान्	जलाया	उद्घाटितवान्	खोला	उत्तिथतवान्	उठा
निर्वापितवान्	बुझाया	पिहितवान्	बन्द किया	उपविष्टवान्	बैठा
आगतवान्	आया	श्रुतवान्	सुना	भुक्तवान्	खाया
पठितवान्	पढा	दृष्टवान्	देखा	पीतवान्	पीआ
लिखितवान्	लिखा	पृष्टवान्	पूछा	पाठितवान्	पढ़ाया
ज्ञातवान्	जाना	कथितवान्	कहा	लेखितवान्	लिखाया
चोरितवान्	चुराया	विस्मृतवान्	भूल गया	श्रावितवान्	सुनाया
गोपितवान्	छिपाया	धृतवान्	रखा	दर्शितवान्	दिखाया

1- इन पदों में विद्यार्थी अहं, त्वं, भवान्, सः, यः अयम् आदि कर्तृपदों को तथा किं, कुत्र, कदा, कथम्, किमर्थं, कुतः तथा अद्य (आज) ह्यः (बीता कल) परह्यः (बीता परसों) आदि अव्ययों को जोड़कर वाक्य बनावें।

2- स्त्रीलिंग में 'वान्' के स्थान पर 'वती' लगाना चाहिए। जैसे कृतवती, गतवती आदि। स्त्रीलिंग में अहम्, त्वम्, भवती, सा, या, का, इयम् आदि कर्तृपद लगा कर बोलना चाहिए।

3- उपर्युक्त क्रियापदों में अस्ति, आसीत्, भविष्यति आदि रूपों को जोड़कर कृतवान् अस्ति-किया है, कृतवान् आसीत्-किया था, कृतवान् भविष्यति-किया होगा आदि वाक्यों का प्रयोग करना चाहिए।

कुछ भविष्यत्काल के क्रियापद

करिष्यसि	करोगे?	करिष्यामि	करूँगा
पठिष्यसि	पढ़ोगे?	पठिष्यामि	पढ़ूँगा
लेखिष्यसि	लिखोगे?	लेखिष्यामि	लिखूँगा
वदिष्यसि	बोलोगे?	वदिष्यामि	बोलूँगा
श्रावयिष्यसि	सुनाओगे?	श्रावयिष्यामि	सुनाऊँगा
दर्शयिष्यसि	दिखाओगे?	दर्शयिष्यामि	दिखाऊँगा
कथयिष्यसि	कहोगे?	कथयिष्यामि	कहूँगा
गमिष्यसि	जाओगे?	गमिष्यामि	जाऊँगा
चलिष्यसि	चलोगे?	चलिष्यामि	चलूँगा
मिलिष्यसि	मिलोगे?	मिलिष्यामि	मिलूँगा
नेष्यसि	ले जाओगे?	नेष्यामि	ले जाऊँगा
आनेष्यसि	ले आवोगे?	आनेष्यामि	ले आऊँगा

इन क्रियापदों में 'सि' के स्थान पर 'ति' लगाकर प्रथम पुरुष का वाक्य, किं लगाकर प्रश्नवाचक वाक्य, न लगाकर निषेधवाचक वाक्य तथा अद्य, श्वः (कल) परश्वः (परसों) सायं, प्रातः आदि लगाकर कालवाचक वाक्य बनाने का अभ्यास करें।

विद्यार्थियों को सावधान करने के कुछ वाक्य

शीघ्रं गच्छेः	जल्दी जाना	शुद्धं लिखेः	शुद्ध लिखना
शीघ्रम् आगच्छेः	जल्दी आना	शुद्धं पठेः	शुद्ध पढ़ना
विलम्बं न कुर्याः	विलम्ब न करना	न विस्मरेः	भूलना नहीं
एवं न कुर्याः	ऐसा न करना	ध्यानं दद्याः	ध्यान देना

अतिथिसत्कार सम्बन्धी वाक्य

नमामि, प्रणमामि, नमस्करोमि,	प्रणाम! नमस्कार।
स्वागतं श्रीमताम्	आप का स्वागत है।
अपि सकुशलं समागताः श्रीमन्तः?	आप सकुशल तो आ गये?
कृतकृत्याः वयं श्रीमतां दर्शनेन	आपके दर्शन से हम कृतकृत्य हो गये।
अनेन मार्गेण आगम्यताम्	इस मार्ग से आइये।
कृपया अत्रैव उपानहौ मुच्येताम्	कृपया यहीं जूता उतार दें।
अत्र वस्तूनि रक्ष्यन्ताम्	यहाँ समान रक्खें
इदं श्रीमताम् आवासस्थानम् अस्ति	यह आपके ठहरने का स्थान है।
शौचालयः गम्यताम्	शौच जायें।
दन्तधावनं क्रियताम्	दतुअन करें।
स्नानं विधीयताम्	स्नान करें।
अयं शौचालयः अस्ति	यह शौचालय (पखाना) है।
अत्र मृत्तिका वर्तते	यहाँ मिट्टी है।
इदं दन्तधावनं वर्तते	यह दतुअन है।
इदं धौतवस्त्रं वर्तते	यह धोती है।
इयम् अंगप्रोञ्छनी अस्ति	यह अगौंछी है।
इदं तैलं वर्तते	यह तेल है।
एष दर्पणः अस्ति	यह आइना है।
इयं कंकतिका वर्तते	यह कंघी है।
इमानि पुष्पाणि सन्ति	ये फूल हैं।

जलपानं विधीयताम्	जलपान करें।
भोजनार्थं चल्यताम्	भोजन के लिये चले।
अयं भोजनालयः अस्ति	यह भोजनालय है।
इदम् आसनं वर्तते	यह आसन है।
ओदनं गृह्यताम्	भात लें।
सूपं गृह्यताम्	दाल लें।
शाकं गृह्यताम्	साग लें।
शष्कुली गृह्यताम्	पूड़ी लें।
दधि गृह्यताम्	दही लें।
शर्करा गृह्यताम्	चीनी लें।
पर्पटः गृह्यताम्	पापड़ लें।
मोदकं गृह्यताम्	मिठाई लें।
अवलेहो गृह्यताम्	चटनी लें।
ताम्बूलं गृह्यताम्	पान लें।
पूगीफलं गृह्यताम्	सुपारी लें।
अपरमपि किञ्चिदिष्यते?	और भी कुछ चाहिये।
स्वल्पमपि गृह्यताम्	थोड़ा भी लें।

भोजनालय सम्बन्धी वाक्य

पाकस्थानम् लिप्यताम्	चौका लगाओ।
पात्राणि मार्ज्यन्ताम्	बरतन माँजो।
भोजनसामग्री आनीयताम्,	भोजन का सामान लाओ।
अग्निः ज्वाल्यताम्	आग जलाओ।
इन्धम् आनीयताम्	लकड़ी लाओ।
इन्धनं छिद्यताम्	लकड़ी चीरो।
भोजनसामग्री एकत्री क्रियताम्	भोजनसामग्री इकट्ठी करो।
तण्डुलं प्रक्षाल्यताम्	चावल धोओ।
पिष्टकं पिण्डीक्रियताम्	आटा सानो।

स्थाली अधिरोप्यताम्	बटुली चढ़ाओ।
उपस्करः पिष्यताम्	मसाला पीसो।
लवणं प्रक्षिप्यताम्	नमक डालो।
शाकः धूपाय्ताम्	शाग छौको।
अवलेहः निर्मीयताम्	चटनी बनाओ।
सूपे घृतं प्रक्षिप्यताम्	दाल में घी डालो।
रोटिकायां घृतं समज्यताम्	रोटी में घी लगाओ।
भोजनं परिवेष्यताम्	भोजन परोसो।
आगम्यताम्, सम्पन्ना रसवती	आइये, रसोई तैयार है।

दिनचर्या का विवरण

(छात्रों को निम्नलिखित रूप में अपनी दिनचर्या बतानी चाहिये।)

अहं प्रातः चतुर्वादने जागर्मि	मैं सबेरे चार बजे जागता हूँ।
ततः ईश्वरस्मरणं करोमि	तब ईश्वर का स्मरण करता हूँ।
ततः शय्यायाः उत्तिष्ठामि	तब शय्या से उठता हूँ।
उत्थाय गुरूजनान् प्रणमामि	उठकर बड़ों को प्रणाम करता हूँ।
ततः प्रकोष्ठं सम्मार्जयामि	तब कमरा साफ करता हूँ।
तत्पश्चात् शौचालयं गच्छामि	उसके बाद शौचालय जाता हूँ।
ततः हस्तौ पादौ प्रक्षालयामि	तब हाथ और पैर धोता हूँ।
अनन्तरं मुखं प्रक्षालयामि	बाद में मुँह धोता हूँ।
ततः दन्तधावनं करोमि	तब दातुन करता हूँ।
तदनन्तरं स्नानं करोमि	उसके बाद स्नान करता हूँ।
ततः वस्त्रं धारयामि	तब कपड़ा पहनता हूँ।
पश्चात् आर्द्र वस्त्रं प्रक्षालयामि	पीछे गीला कपड़ा धोता हूँ।
तदनन्तरं वस्त्रं प्रसारयामि	उसके बाद कपड़ा पसारता हूँ।
ततः सन्ध्यावन्दनं करोमि	तब सन्ध्यावन्दन करता हूँ।
ततः गीतापाठं करोमि	तब गीता का पाठ करता हूँ।
ततः जलपानं करोमि	तब जलपान करता हूँ।

अनन्तरं भोजनं पचामि	तब भोजन बनाता हूँ।
ततः भोजनं करोमि	तब भोजन करता हूँ।
ततः पठितुं विद्यालयं गच्छामि	तब पढ़ने विद्यालय जाता हूँ।
ततः सायं गृहम् आगच्छामि	तब शाम को घर आता हूँ।
गृहम् आगत्य किञ्चित् खादामि	घर आकर कुछ खाता हूँ।
अनन्तरं क्रीडितुं गच्छामि	बाद में खेलने जाता हूँ।
ततः आगत्य दीपं ज्वालयामि	वहाँ से आकर दीपक जलाता हूँ।
अनन्तरं किञ्चित् पठामि	बाद में कुछ पढ़ता हूँ।
पश्चात् भोजनं करोमि	पीछे भोजन करता हूँ।
ततः ईश्वरं स्मृत्वा शयनं करोमि	तब ईश्वर का स्मरण कर सोता हूँ।
प्रायः दशवादने शयनं करोमि	लगभग दस बजे सोता हूँ।
शयनसमये दीपं निर्वापयामि	सोते समय दीपक बुझाता हूँ।

सूचना 1- ऊपर लिखी 'जागर्मि' आदि वर्तमान काल की क्रियाओं के स्थान पर निम्नलिखित भूतकाल की क्रियाओं को जोड़कर इन वाक्यों का भूतकाल में भी प्रयोग करना चाहिये। यथा-

2- जागृतवान् (जगा) कृतवान् (किया) उत्थितवान् (उठा) गतवान् (गया) प्रक्षालितवान् (धोया) धारितवान् (धारण किया) प्रसारितवान् (पसारा) सम्मार्जितवान् (साफ किया) खादितवान् (खाया) पठितवान् (पढ़ा) ज्वालितवान् (जलाया) पक्कवान् (पकाया) आदि।

3- इन पदों को स्त्रीलिंग बनाने के लिये 'वान्' के स्थान पर 'वती' पढ़ना चाहिये। यथा-जागरितवती, कृतवती, गतवती आदि।

4- जगाने का समय बतलाने के लिए सार्द्ध चतुर्वादने (साढ़े चार बजे) पादोन- पच्चावाने (पौने पाँच बजे) पञ्चवादने (पाँच बजे) सपाद-पञ्चवादने (सवा पाँच बजे) षड्वादने (छः बजे) आदि पदों का प्रयोग करना चाहिये। इसी प्रकार सार्द्ध, पादोन, सपाद आदि पदों का सब संख्याओं के साथ प्रयोग करना चाहिये।

आवश्यक शब्द-संग्रह

फल-वर्ग

आम	आम्रम्	सिंघाड़ा	श्रृङ्गाटकः
जामुन	जम्बूफलम्	केला	कदली
अमरूद	पेरूकम्	इमली	अम्लिका
कटहल	पनसम्	अमड़ा	आम्रातकम्
शरीफा	सीताफलम्	अँवरा	आमलकम्
बैर	बदरी	निम्बू	निम्बूकम्
किसमिस	क्षुद्रद्राक्षा	दाख	द्राक्षा
मूँगफली	मण्डपी	**अन्नवर्ग**	
बादाम	बादामम्	गेहूँ	गोधूमः
खजूर	खजूरम्	जब	यवः
छुहाड़ा	शुष्कखजूररम्	रहर	आढकी
अखरोट	अक्षौटकम्	चना	चणकः
अंगूर	आमद्राक्षा	मटर	करेणुः
सेव	सेवं, बदरम्	मूँग	मुद्गः
नासपाती	रूचिफलम्	उदड़	माषः
नारंगी	नारंगम्	सरसों	सर्षपः
नारियल	नारिकेलम्	मकई	मकायः
अनार	दाडिमम्	मसुरी	मसूर
रड़मेवा, पपीता	एरण्डचिर्भिटम्	धान	धान्यम्
खरबूजा	खर्बूजः	**गृह वर्ग**	
तरबूजा	कालिंगम्	कोठरी	प्रकोष्ठः
ककड़ी	कर्कटी	दालान	द्वारप्रकोष्ठः
खीरा	त्रपुसम्	ओसारा	प्रघणः
फूँट	स्फुटी	खिड़की	पक्षद्वारकम्
कन्द	कन्दः	झरोखा	गवाक्षः

गृह-वस्तु वर्ग

झाड़ू	मार्जनी
चूल्हा	चुल्लिका
खूँटी	नागदन्तः

धान्य-वर्ग

अरगनी	लङ्गनी
ताला	तालकम्
चाबी	ताली
खाट	खट्वा
पलंग	पर्यङ्क
कुल्हाड़ी	कुठारः
छूरी	छूरिका
कैंची	कर्तरी
पीढ़ा	पीठम्
चौकी	पीठिका
दीया	दीपकः
बत्ती	वर्तिका
ऐना	दर्पणः
कंघी	कंकतिका
सूई	सूचिः
डोरा	सूत्र, तन्तुः
बोरा	गोणी
जूता	उपानत् (स्त्री)
छाता	छत्रम्
खड़ाऊँ	काष्ठपादुका
छड़ी	यष्टिका
सीढ़ी	सोपानम्
पंखा, बेना	व्यजनम्
घड़ी	घटीयन्त्रम्
तराजू	तुला
सन्दूक	मंजूषा
पेटी	पेटिका

यान-वर्ग

सवारी	यानम्
गाड़ी	शकटः, शकटी
रेलगाड़ी	वाष्पशकटी
बैलगाड़ी	गन्त्री
हवाई जहाज	वायुयानम्
जहाज	पोतः

वस्त्र-वर्ग

धोती	धौतवस्त्रम्
साड़ी	शाटी
लँगोटा	कौपीनम्
कमीज	कंचुकः
हाफकमीज	अर्धकंचुकः
अंगरखा	अंगरक्षकम्
चद्दर	उत्तरीयम्
अंगौछी	अंगप्रोंछनी
रूमाल	कर्पटः
पगड़ी	उष्णीषः
टोपी	टोपिका
तकिया	उपधानम्
बिछौना	आस्तरणम्
रजाई	तूलपटी

बिजलीका पंखा	विद्युद्व्यजनम्
गद्दी	गदिर्दका
तोषक	तूलिका

शाक-वर्ग

तरकारी	शाकः
आलू	आलुः
परवल	पटोलः
कोहड़ा	कूष्माण्डः
लौकी	अलाबुः(स्त्री)
भिंडी	कोशातकी
रामतरोई	राजकोषातकी
भंटा	वृन्ताकः
घेवड़ा, नेनुआ	महाकोषातकी
करेला	कारवेल्लम्
मूली	मलकम्
गोभी	गोजिह्वा
गाजर	गाजरम्
प्याज	पलाण्डुः
लहशुन	लशुनः
बथुआ	वास्तुकः
चौराई	तड्डलीयकः
पोई	पोतकी
सेम	शिम्बिः
पोदीना	पुदिनः
सोआ	शतपुष्पा
बण्डा	पिण्डालुः
ओल	शूरणः

कंबल	कम्बलः

वेशवर-वर्ग

मशाला	वेसवारः
जीरा	जीरकम्
धनिया	धान्याकम्
मिर्च	मरिचम्
आदी	आर्द्रकम्
हल्दी	हरिद्रा
सौंफ	मधुरिका
मेथी	मेथिका
जवाइन	यवानी
हींग	हिंगुः
लौंग	लवंगम्
लाची	एला
तेजपात	तेजपत्रम्
नमक	लवणम्
सेंधा नमक	सैन्धवम्

पात्र-वर्ग

बरतन	पात्रम्
बटलोही	स्थाली, उखा
कराही	कन्दुः
करछुल	दर्विः(स्त्री)
सड़सी	संदंशकः
चिमटा	संदंशकः
चमचा	चमसः
थाली	स्थालम्
कटोरा	कंसः, करोटिः

घड़ा	घटः, कलशः
लोटा	जलपात्रम्
गिलास	गल्लकः
कसोरा	शरावः
हँड़िया	हण्डिका

भक्ष्य-लेह्य-पेय-चोष्य वर्ग

चावल	तण्डुलम्
भात	भक्तम्
दाल (कच्ची)	द्विदलम्
दाल (रंधी)	सूपम्
मांड	मण्डम्
खिचड़ी	कृशरा
आटा	पिष्टकम्
लोई	लोप्त्री
रोटी	रोटिका
लिट्टी, बाटी	अंगारकर्कटी
चोखा, भर्ता	भरित्रम्
भाजी	भाजी
पूड़ी	शष्कुली
हलुआ	संयावकः
मलाई	सन्तानिका
बेसन	बेसनम्
बड़ा	वटकः
बड़ी	वटी
पापड़	पर्पटः
कढ़ी	क्वथिता
पूआ	अपूपः, पूपः
चिउड़ा	चिपुटकः
सत्तू	सक्तुः
अचार	आसुतम्
चटनी	अवलेहः
अमावट	आम्रावर्तः
भूजा	भर्जनम्
लावा	लाजाः
घुघनी	कुल्माषः
चीनी	शर्करा, सिता
मिश्री	सितोपलः
गुड़	गुड़ः
मिठाई	मोदकम्
लड्डू	लड्डुकम्
जलेबी	कुण्डलिनी

मान-वर्ग

पाव	कुड़वः
सेर	सेरः, प्रस्थः
कौड़ी	वराटकम्
पैसा	पणः
आना	आणकम्

लेखन सामग्री वर्ग

कागज	कागदः, पत्रम्
कलम, पेन	लेखनी, कलमः
फौन्टेनपेन	मसिलेखनी
दावात	मसिधानी
स्याही	मसी
पेन्सिल	तूलिका

छात्रों को एक सलाह

(1)

छात्रों संस्कृत पढ़ो प्रेम से इसको नहीं भुलाओ,
यदि सुयोग्य बनना चाहो तो इसका ज्ञान बढ़ाओ।
संस्कृत पढ़ने से ही होगा शुद्ध साफ उच्चारण,
भाषा का भी ज्ञान बढ़ेगा संस्कृत के ही कारण।
तभी लेख लिखने में भी हो तुम आगे बढ़ सकते,
संस्कृत पढ़ने से तुम अच्छी कविता भी कर सकते।
इसी हेतु संस्कृत पढ़ने में अब से भी लग जाओ,
साथ-साथ हिन्दी इंगलिश के इसमें भी डट जाओ।

(2)

संस्कृत पढ़ने में विद्यार्थी करते आज ढिलाई,
आगे चलकर किन्तु न होगी उनकी कभी भलाई।
मौका आने पर अपने को जब अयोग्य पायेंगें,
भरी सभा में नत-मस्तक हो निश्चित पछतायेंगे।
इसी लियेअब से भी संभलो, सावधान हो जाओ,
छात्रों, संस्कृत पढ़ो प्रेम से इसको नहीं भुलाओ।

'संस्कृतगौरवगानम् से'

प्रार्थनागीतम्

(1)

(लय- तेरे पूजन के ऐ मोहन पुजारी बन के आया हूँ)

दयामय ! देव ! दीनेषु दयादृष्टिः सदा देया।
प्रतिज्ञा दीनरक्षाया दयालो ! जातु नो हेया।। दयामय............
मनुष्या मानवा भूत्वा इदानीं दानवा जाताः।
तदेषा मूढता देशात् द्रुतं दूरे त्वया नेया ।। दयामय..............
त्वदुपदेशामृतं त्यक्त्वा विपन्नो हन्त लोकोऽयम्।
तदुद्धाराय एतेषां प्रभो गीता पुनर्गेया।। दयामय..............
किमधिकं ब्रूमहे भगवन् ! निवेदनमेतदेकैकम्।
यदेते बालकाः स्वीयाः प्रभो! नो विस्मृतिं नेयाः।। दयामय.....

(2)

(लय- माँ शारदे कहाँ तू वीणा बजा रही हो)

भगवन्! त्वदीय-भक्तिं न कदापि विस्मरेयम्।
निज-देश-जाति-सेवाऽऽसक्तः सदा भवेयम्।। भगवन........
जायेत जातु नो मे पर- पीडनाऽभिलाषः।
दीने सहायहीने सततं प्रभो द्रवेयम्।। भगवन्.........
गतिरस्तु सर्वदेशे रतिरस्तु नैजवेषे।
गुरुपादयोर्निदेशे स्वमनः प्रवर्तयेयम्।। भगवन्..........
कुरुते सदा विनीतो विनयं कृपैकसिन्धो।
गुरु-पूज्य-वृन्द-सेवा-करणे वयो नयेयम्।। भगवन्.........